MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी भारत

# पेरिस पिनेकल

**नैतिक खेल गतिविधियों के लिए नाडा की मार्गदर्शिका**

पेरिस ओलंपिक 2024, 26 जुलाई से 11 अगस्त, 2024 के लिए डोप रोधी मार्गदर्शिका



**#डोपिंग को कहें ना**


विश्वसनीय
समावेशी
स्पष्ट
नाडा एक डोप–मुक्त खेल माहौल का सृजन करता है और भारत में साफ–सुथरे खेलों को बढ़ावा देता है।

# विषय–सूची


**01** **सबसे पहले**

1.1 प्रमुख तिथियां 4
1.2 प्रतिस्पर्धा के दौरान अवधि 4
1.3 प्रतिस्पर्धा के बाहर अवधि 4
1.4 खेलों के दौरान कौन क्या 5

**02** **आपके दायित्व**

2.1 11 डोप रोधी नियम उल्लंघन (एडीआरवी) 7
2.2 सख्त दायित्व 7
2.3 सख्त दायित्व का सिद्धांत 7
2.4 खेल में कौन से पदार्थ और तरीके प्रतिबंधित हैं, इसके बारे में कैसे जान सकते हैं 7
2.5 प्रतिबंधित सूची 7
2.6 अनुपूरक के इस्तेमाल से जुड़े जोखिम 8
2.7 चिकित्सीय उपयोग छूट (टीयूई) 9
2.8 पता ठिकाना (व्हेयरअबाउट) 10

**03** **खेलों में डोप नियंत्रण**

3.1 डोप नियंत्रण 12
3.2 खिलाड़ियों के पास अधिकार हैं: 12
3.3 खिलाड़ियों की जिम्मेदारी है कि: 13
3.4 मूत्र नमूना संग्रह हेतु 13
3.5 रक्त नमूना संग्रह हेतु 13
3.6 सूखे रक्त धब्बे (डीबीएस) नमूना संग्रह 13
3.7 परीक्षण के बाद क्या होगा? 14
3.8 परिणाम 14
3.9 आगे आकर जानकारी दें (स्पीकिंग–अप) 15

**04** **और आखिर में...** 16

4.1 अधिक जानकारी के लिए 16
4.2 संपर्क में रहें: नाडा के सोशल मीडिया प्लेफॉर्म से जुड़ 16
4.3 नाडा की आधिकारिक वेबसाइट– साफ–सुथरे खेलों का डिजिटल प्रवेशद्वार 18
4.4 एएसपी और खिलाड़ी हेतु जांच सूची 20
4.5 आभार 22
4.6 संपर्क करें 23



बधाई!

आपकी उपलब्धि पर बधाई

पेरिस ओलंपिक खेल 2024 के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए खिलाड़ी के रूप में आपके व्यापक समर्पण, बलिदान और कड़े प्रशिक्षण के लिए हम आपका आभार व्यक्त करते हैं।

हमारा मिशन सभी भारतीय खिलाड़ियों को सूचित व शिक्षित करना और उन्हें यह सुनिश्चित कराना है कि वे आने वाले खेलों के लिए अपने अधिकारों और बाध्यताओं को भली–भांति जानें। भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को निष्पक्ष और साफ–सुथरी प्रतियोगिता का अधिकार है और उनके लिए यह समझना भी आवश्यक है कि डोप रोधी प्रणाली न केवल उनकी बल्कि ओलंपिक शपथ, उनके राष्ट्र, उनके प्रतिद्वंद्वियों और खेलों की अखंडता की भी रक्षा करती है।

डोप रोधी में प्रशिक्षकों (कोचों) की भूमिका प्रशिक्षण से भी आगे तक है। एक महत्वपूर्ण पहलू रोकथाम है और आपका मार्गदर्शन खिलाड़ियों को उनके डोप रोधी संबंधी दायित्वों को पूरा करने में मदद करने के बारे में महत्वपूर्ण है। खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 की तैयारी के लिए प्रतिबंधित सूची, चिकित्सीय उपयोग छूट (थेरप्यूटिक यूज एक्जम्पशन), डोप नियंत्रण प्रक्रियाओं, डोप रोधी विनियमों और पता ठिकाना (व्हेयरअबाउट) संबंधी जरूरतों के संबंध में आपकी सहायता की मांग कर सकते हैं।

हम आपको शुभकामनाएं देते हैं और यह आशा करते हैं कि इस पुस्तिका में दी गई जानकारी आपको डोप से आपने आपको बचाने तथा साफ–सुथरे खेलों के सिद्धांतों का पालन करने के लिए आवश्यक प्रत्येक जानकारी प्रदान करेगी।

पूरा देश आपकी प्रशंसा करता है।

# 01 सबसे पहले

### 1.1. महत्वपूर्ण तिथियां

पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों के लिए महत्वपूर्ण तिथियां, आईओसी के डोप रोधी नियम और प्रक्रियाएं 18 अप्रैल 2024 से लागू हैं, इसके अलावा ये डोप रोधी नियम मौजूदा आईएफ और नाडो, खिलाड़ी और कोच के लिए बाध्यकारी है।

**18 अप्रैल–17 जुलाई 2024**

#### खेल–पूर्व अवधि

- इसकी अवधि 18 अप्रैल 2024 से शुरू होकर 17 जुलाई 2024 तक (ओलंपिक गांव में प्रवेश से एक दिन पहले)।
- इस अवधि के दौरान, आईओसी की ओर से अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) खिलाड़ियों का परीक्षण कर सकती है।

**18 जुलाई 2024**

#### ओलंपिक गांव का उद्घाटन

ओलंपिक गांव में प्रवेश 18 जुलाई 2024 से शुरू।

**18 जुलाई – 11 अगस्त 2024**

#### खेलों की अवधि

यह 18 जुलाई 2024 को ओलंपिक गांव में प्रवेश से शुरू होकर 11 अगस्त 2024, समापन समारोह के दिन तक चलेगा।

### 1.2. प्रतिस्पर्धा के दौरान अवधि

आमतौर पर, किसी भी प्रतिस्पर्धा में खिलाड़ी के भाग लेने से एक दिन पहले की रात 11:59 बजे से प्रतिस्पर्धा के दौरान अवधि की शुरुआत होती है, जो प्रतिस्पर्धा के अंत तक और उस प्रतिस्पर्धा जुड़े सभी परीक्षणों तक रहती है।

दो ग्रीष्मकालीन ओलंपिक आईएफ– अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) और अंतर्राष्ट्रीय घुड़सवारी महासंघ (एफईआई)– प्रतियोगिता अवधि के लिए अलग–अलग परिभाषा का उपयोग करते हैं। विश्व डोप रोधी एजेंसी (वाडा) द्वारा अनुमोदित यह परिभाषा उनकी सभी प्रतियोगिताओं के लिए समान है। यदि आप उनकी परिभाषा से अवगत नहीं हैं तो कृपया इसकी अपने संबंधित अंतर्राष्ट्रीय महासंघ (आईएफ) से संपर्क करें।

### 1.3. प्रतिस्पर्धा के बाहर अवधि

ऐसी अवधि जो प्रतिस्पर्धा के दौरान में शामिल नहीं। इसका आशय बाकी सभी समय से है।



### 1.4 खेलों के दौरान कौन क्या ?

प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन की समस्या से उबर चुके खिलाड़ियों को राष्ट्रीय डोप रोधी संगठन (नाडो) और/या अंतर्राष्ट्रीय महासंघ (आईएफ) के डोप रोधी अभियान का चेहरा बनाया जा सकता है। पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों के दौरान, ये भूमिकाएं अन्य डोप रोधी संगठनों (एडीओ) द्वारा निभाई जा सकती हैं।

**अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति**

International Olympic Committee

आईओसी खेलों के दौरान परीक्षण प्राधिकरण है, जो एक प्रमुख कार्यक्रम आयोजक (एमईओ) हैं– इसलिए खेलों में आने वाला कोई भी व्यक्ति आईओसी के डोप रोधी नियमों से बंधा हुआ है। आईओसी ने ओलंपिक खेलों से संबंधित अपने डोप रोधी दायित्व को अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) को सौंपने पर सहमति व्यक्त की है।

**अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए)**

ITA KEEPING SPORT REAL

**खेलों के दौरान सौंपी गई इसकी गतिविधियों में, आईटीए:**

- परीक्षण गतिविधियों का संचालन करता है
- चिकित्सीय उपयोग छूट (टीयूई) प्रक्रिया और टीयूई समिति (टीयूईसी) का प्रबंधन करता है
- परिणाम प्रबंधन का कार्य करता है

**खेलों के लिए मध्यस्थता न्यायालय का डोप रोधी प्रभाग (सीएएस एडीडी)**

- डोप रोधी नियम उल्लंघन (एडीआरवी) से जुड़े किसी भी मामले की सुनवाई करता है और उसके बारे में निर्णय लेता है, जिसमें परिणामों की अयोग्यता या खेलों के लिए अयोग्यता भी शामिल है।
- खेलों के दौरान यह मामलों का त्वरित तरीके से प्रबंधन करता है, जिसका अर्थ है कि मामलों का तेजी निपटारा किया जाएगा।
- साफ–सुथरे एवं निष्पक्ष खेलों का आयोजन
- अंतर्राष्ट्रीय महासंघ (आईएफ) खेलों की अवधि के बाद किसी भी अयोग्यता की अवधि तय करने के लिए जिम्मेदार हैं। अंतर्राष्ट्रीय महासंघ इस जिम्मेदारी को सीएएस को सौंपने का विकल्प चुन सकते हैं।

# 02 आपके दायित्व

अब आपके पास वैसी भूमिकाएं और दायित्व होंगे, जो खेलों के दौरान विभिन्न संगठनों के पास होते हैं। उसी तरह, खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों की भूमिकाएं व दायित्व भी होते हैं।

## 2.1. 11 डोप रोधी नियमों उल्लंघन (एडीआरवीएस)

| एनएडीआर –अनुच्छेद संख्या | उल्लंघन के प्रकार | लागू |
|---|---|---|
| 2.1 | खिलाड़ी के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ की उपस्थिति | सिर्फ खिलाड़ी |
| 2.2 | खिलाड़ी द्वारा प्रतिबंधित पदार्थ का उपयोग या उपयोग करने का प्रयास | सिर्फ एथलीट |
| 2.3<br>2.4 | नमूना जमा करने से बचना, मना करना और असफल रहना<br>पता ठिकाना (व्हेयरअबाउट) संबंधी मामलों में विफल रहने का आषय तीन छूटे हुए परीक्षणों औरध्या एक पंजीकृत परीक्षण पूल में खिलाड़ी द्वारा 12 महीने की अवधि के भीतर दाखिल करने में विफल रहने से है। | सिर्फ एथलीट |
| 2.5 | डोप रोकने के किसी भी हिस्से के साथ छेड़छाड़ या छेड़छाड़ का प्रयास करना | खिलाड़ी, खिलाड़ी सहायक कर्मी और अन्य व्यक्ति |
| 2.6 | प्रतिबंधित पदार्थ या प्रतिबंधित तरीके को अपनाना | खिलाड़ी और खिलाड़ी सहायक कर्मी |
| 2.7 | किसी भी प्रतिबंधित पदार्थ की तस्करी या तस्करी का प्रयास | खिलाड़ी और खिलाड़ी सहायक कर्मी तथा अन्य व्यक्ति |
| 2.8 | किसी खिलाड़ी द्वारा किसी भी प्रतिबंधित पदार्थ या प्रतिबंधित तरीके को अपनाने या अपनाने का प्रयास | खिलाड़ी और खिलाड़ी सहायक कर्मी |
| 2.9 | एडीआरवी और एडीआरवी से जुडे अन्य प्रयास में मदद करना, प्रोत्साहित करना, उकसाना, साजिश करना, बचाव करना या किसी अन्य प्रकार की जानबूझकर मिलीभगत करना। | खिलाड़ी और खिलाड़ी सहायक कर्मी तथा अन्य व्यक्ति |
| 2.10 | कोच, डॉक्टर, फिजियो या ट्रेनर जैसे किसी ऐसे व्यक्ति के साथ पेशेवर या खेल संबंधी क्षमता में षामिल होना जिस पर प्रतिबंध हो या जिसे डोप उल्लंघन के बराबर आपराधिक या अनुशासनात्मक अपराध का दोशी पाया गया हो। | एथलीट, खिलाड़ीसपोर्ट कर्मियों और अन्य व्यक्ति |
| 2.11 | ऐसे कार्य जो डोप के बारे में जानकारी साझा करने (जिसे मुखबिर के रूप में भी जाना जाता है) या ऐसा करने के लिए दूसरे के खिलाफ प्रतिशोध करने से हतोत्साहित करने के लिए किसी अन्य को धमकाते हैं या डराने की कोशिश करते हैं। | खिलाड़ी और खिलाड़ी सहायक कर्मी तथा अन्य व्यक्ति |

सभी एडीआरवी खिलाड़ियों पर लागू होते हैं और 7 खिलाड़ी सहायक कर्मियों जैसे कोच पर लागू होते हैं।



### 2.2. सख्त दायित्व

किसी प्रतिस्पर्धा के दौरान खिलाड़ी अपने प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसी तरह, खिलाड़ी अपने शरीर में मिलने वाले किसी भी पदार्थ के लिए जिम्मेदार होते हैं।

### 2.3. सख्त दायित्व का सिद्धांत

खिलाड़ी किसी भी प्रतिबंधित पदार्थ के उपयोग या उपयोग करने का प्रयास करने या उनके शरीर में मिलने वाले पदार्थ के लिए जिम्मेदार होते हैं, भले ही वह पदार्थ उनके षरीर में कैसे पहुंचा या उनका धोखा देने का इरादा था या नहीं। इसलिए, खिलाड़ियों को यह जानना आवष्यक है कि खेल में कौन से पदार्थ और तरीके प्रतिबंधित हैं और उनसे अपनी सुरक्षा कैसे करें।

### 2.4. खेल में कौन से पदार्थ और पद्धतियां प्रतिबंधित हैं, इसके बारे में कैसे जान सकते हैं।

प्रतिबंधित पदार्थों और पद्धतियों को प्रतिबंधित सूची (सूची) में शामिल किया गया है। यह सूची खेलों के दौरान और हर समय लागू होती है। सूची में ऐसे पदार्थ और तरीके शामिल हैं:

- हर समय प्रतिबंधित (प्रतिस्पर्धा के दौरान और प्रतिस्पर्धा के बाहर दोनों में)
- प्रतिस्पर्धा के दौरान प्रतिबंधित
- विशिष्ट खेलों (तीरंदाजी, गोल्फ और निषानेबाजी) में प्रतिबंधित
- सशर्त– खिलाड़ियों को विशिष्ट खुराक सीमा के भीतर लेने की अनुमति है लेकिन उस खुराक या सीमा के बाहर इसे प्रतिबंधित किया गया है (उदाहरण के लिए, अस्थमा इनहेलर्स में पाए जाने वाले कुछ तत्व)। अन्य सशर्त पदार्थ वे हैं जिन पर केवल उनके लेने के तरीके (प्रशासन का मार्ग) उदाहरण के लिए, क्रीम के रूप में लगाना, या निगलना, या सांस लेने के आधार, पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

### 2.5. प्रतिबंधित सूची

पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों के लिए प्रतिबंधित सूची 2024 लागू है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी और उनके सहायक कर्मी सूची के सही संस्करण से परामर्श लें और किसी भी बदलाव के बारे में जागरूक रहें।

**यहां कुछ महत्वपूर्ण बातें हैं जिन्हें आपको याद रखना आवश्यक है:**

1. किसी खिलाड़ी की दवा में प्रतिबंधित पदार्थ हो सकता है। किसी भी दवा का उपयोग करने से पहले चिकित्सकीय सलाह लें और दवा की जांच करें। खेलों की अवधि शुरू होने से पहले, खिलाड़ी नाडा के नो योर मेडिसिन (केवाईएम) ऐप https://kym.nadaindia.yas.gov.in (Google Play स्टोर पर डाउनलोड के लिए भी उपलब्ध) के माध्यम से अपनी दवा की जांच कर सकते हैं।

**खेलों की अवधि के दौरान**, फ्रांस में खरीदी गई दवाइयों का स्टेटस। gence Française de Lutte contre le Dopage (AFLD) की वेबसाइट https://medicaments.afld.fr/ (सिर्फ फ्रेंच में उपलब्ध) पर जानें, अपने देश के डेटाबेस से नहीं क्योंकि दोनों देशों के कुछ इनग्रीडिएंट में फर्क हो सकता है।

2. इससे फर्क नहीं पड़ता कि पदार्थ कब लिया गया है। अगर वह पदार्थ सिर्फ प्रतिस्पर्धा के दौरान में प्रतिबंधित किया गया है और प्रतिस्पर्धा के बाहर में लिया गया है, तो भी टेस्ट में पॉजिटिव आ सकता है, यदि वह खिलाड़ी के षरीर में तब भी मौजूद रह गया हो जब उसे किसी प्रतिस्पर्धा के दौरान परीक्षण के लिए चुना जाता है।

3. कोई भी दवा अपने देष से फ्रांस से लाई जा रही है तो उसे लेकर कस्टम की प्रासंगिक सलाह पर ध्यान दें। यह जानकारी आमतौर पर कस्टम और फ्रेट गाइड में भी दी जाती है, जिसे खेल आयोजन समिति द्वारा वितरित किया जाता है। यदि आप संषय में हैं तो अपने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से संपर्क करें।

   भूलें नहीं, कि आप जो भी दवा ले रहे हैं, उसके बारे में अपने टीम के डॉक्टर को अवष्य बताएं ताकि वे आपको सलाह दे सकें।

## 2.6 सप्लीमेंट के इस्तेमाल से जुड़े जोखिम

- इनमें प्रतिबंधित पदार्थ हो सकता है
- मैन्युफैक्चरिंग के दौरान ये प्रतिबंधित पदार्थ से प्रदूषित हो सकते हैं
- इनमें ऐसे इनग्रीडिएंट हो सकते हैं जिनका नाम प्रतिबंध सूची में दिए गए नामों से अलग हो सकता है
- ऐसे झूठे दावे किए जा सकते हैं कि वे ''वाडा द्वारा स्वीकृत'' या ''खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित'' हैं
- इनके लेबल में से कुछ इनग्रीडिएंट को बाहर रखा जा सकता है
- इन्हें इंटरनेट पर नकली उत्पादों के रूप में बेचा जा सकता है
- खिलाड़ियों को ये सुनिष्चित करने की जरूरत है कि सप्लीमेंट के इस्तेमाल से जुड़े जोखिमों को वे पूरी तरह समझते हैं और जानते हैं कि इन जोखिमों को कैसे न्यूनतम किया जाए
- जिन सप्लीमेंट की बैच–टेस्टिंग नहीं होती वे अनजाने में डोप के जोखिम को बढ़ा देते हैं
- कोई भी सप्लीमेंट इस्तेमाल करने से पहले खिलाड़ियों को काफी रिसर्च करनी चाहिए।

### अगर आप कोई सप्लीमेंट लेते हैं तो

- उसकी एक छोटी मात्रा को बचाकर रखें, ताकि अगर आप पॉजिटिव पाए जाते हैं तो आपके पास विकल्प होगा कि उस बची हुई मात्रा के नमूने का वैज्ञानिक रूप से टेस्ट करवा सकें और जान सकें कि कहीं वो किसी सप्लीमेंट से प्रदूशित तो नहीं हुआ था
- बैच–टेस्ट सर्टिफिकेट को अपने पास रखें ताकि आप कोई सप्लीमेंट लेते हैं तो आपका जोखिम कम रहेगा क्योंकि आपने बैच–टेस्टिंग किया गया उत्पाद ग्रहण किया है
- खरीद का साक्ष्य रखें, जैसे कि रसीद



## 2.7 चिकित्सीय उपयोग छूट हेतु (थेरप्यूटिक यूज एक्जम्पशन)

**किसी भी खिलाड़ी की सेहत महत्वपूर्ण होती है**


कोई खिलाड़ी जो वैध चिकित्सकीय कारणों से ऐसी दवा का इस्तेमाल करता है जिसमें प्रतिबंधित पदार्थ है या प्रतिबंधित पद्धति इस्तेमाल किया गया है तो वो ऐसा कर सकता है।

कुछ स्थितियों में और विषिश्ट मानकों के हिसाब से (यदि कोई दूसरे उचित विकल्प न हों तो भी) खिलाड़ी को चिकित्सीय उपयोग छूट (टीयूई) दिया जा सकता है।

टीयूई सुनिष्चित करता है कि खिलाड़ी की कोई चिकित्सकीय स्थिति है तो उसका उपचार किया जा सके, भले ही इसमें प्रतिबंधित पदार्थ या तरीके का इस्तेमाल करना क्यों न षामिल हो। वहीं खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगने का जोखिम भी नहीं रहता। एक टीयूई को इन वजहों से दिया जाता है:

- किसी चिकित्सकीय स्थिति के लिए
- तय अवधि के लिए
- खुराक की तय मात्रा और आवृत्ति के साथ
- प्रशासन के तय तरीके के साथ

**टीयूई के लिए आवेदन करना या इन खेलों द्वारा पहले से स्वीकृत टीयूई का होना**









**याद रखें**
मौजूदा टीयूई खेलों की पूरी अवधि के लिए वैध होने चाहिए। यदि यह खेलों की अवधि के दौरान समाप्त होने वाला है और खिलाड़ी को पूरी खेल अवधि के लिए दवा की आवश्यकता होती है, तो खिलाड़ी को खेलों से पहले अपने संबंधित डोप रोधी संगठन (एडीओ) से एक नए टीयूई के लिए आवेदन करना चाहिए।

## खेलों के दौरान टीयूई




यदि किसी खिलाड़ी, जिसके पास पहले से टीयूई नहीं है, को खेलों के दौरान टीयूई की आवश्यकता है, तो उन्हें टीयूई के लिए आवेदन करने के लिए पॉलीक्लिनिक में टीयूई कार्यालय से संपर्क करना होगा। पूरी प्रक्रिया यहां वर्णित है: https://ita.sport/tue-paris-2024/

खेलों के दौरान केवल अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण प्राधिकरण (आईटीए) टीयूई समिति (टीयूईसी) द्वारा दिए गए टीयूई ही खेलों के लिए लागू होते हैं।

यह छोटी अवधि के लिए भी वैध हो सकता है (उदाहरण के तौर पर, खेलों की अवधि के "भीतर" 2 दिनों के लिए)।

## 2.8 खिलाड़ी पता ठिकाना (व्हेयरअबाउट)
पता ठिकाना (व्हेयरअबाउट) वह जानकारी है, जो खिलाड़ियों को परीक्षण के लिए उन्हें ढूंढने की अनुमति देती है। यह उन लोगों द्वारा उपयोग की जाने वाली जानकारी है जिनके पास खिलाड़ियों का परीक्षण करने का अधिकार है। जानकारी प्रदान न करने या गलत या भ्रामक जानकारी प्रदान करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

### आरटीपी खिलाड़ी

पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में खिलाड़ियों को अपना पता उपलब्ध कराने के बारे में सारी जानकारियां होती हैं। खेलों के दौरान, पते संबंधी आवश्यकताएं लागू रहती हैं। इसका अर्थ यह है कि आरटीपी खिलाड़ियों को अपने पते की जानकारी जमा करना जारी रखना चाहिए, जिसमें आसानी से पता लगाए जा सकने संबंधी विवरण प्रदान करना (यानी ओलंपिक गांव की इमारत, तल और कमरा नंबर) और चीजें बदलने पर जानकारी को अद्यतन करना शामिल है।

इसके अलावा, आरटीपी में खिलाड़ियों को अपनी राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को खेलों के दौरान की जानकारी जैसे आवास और कमरे का विवरण प्रदान करने की आवष्यकता होगी।

**खेलों के दौरान, खिलाड़ियों को अपने पता ठिकाना की जानकारी से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए आईओए से बात करनी चाहिए।**

### गैर–आरटीपी खिलाड़ी

परीक्षण उद्देष्यों के लिए, जो खिलाड़ी आरटीपी में नहीं हैं, उन्हें आईओए को खेल के दौरान के अपने पता ठिकाना की जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता होगी, जिसे वे आईओसी/आईटीए के साथ साझा करेंगे। आईओए खिलाड़ी की ओर से यह जानकारी एकत्र कर सकता है। खिलाड़ियों को आईओए से यह जानकारी कर लेनी चाहिए कि उनके पता ठिकाना संबंधी जिम्मेदारियां क्या है और उन्हें क्या करने की जरूरत है। खेल के दौरान पता ठिकाना की जानकारी में निम्नलिखित सूचनाएं शामिल हो सकती हैं:

- आगमन और प्रस्थान की तिथियां
- खेलों के दौरान आवास संबंधी विवरण जैसेकिः
  – ओलंपिक विलेज में स्थान, भवन का नाम और कमरा नंबर
  – व होटल का नाम, पता और कमरा नंबर (यदि ओलंपिक गांव में नहीं रह रहे हैं तो)
  – स्थल/स्थान सहित प्रषिक्षण और प्रतियोगिता का कार्यक्रम
- यह जानकारी उपलब्ध न कराने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। खेलों के दौरान के पते की जानकारी के बारे में किसी भी प्रशन के लिए खिलाड़ियों को आईओए से बात करनी चाहिए।

**सुझाव!**

- आरटीपी खिलाड़ियों को वाडा खिलाड़ी सेंट्रल डाउनलोड करना चाहिए ताकि उनके लिए अपने पता ठिकाना को प्रबंधित करना और अपडेट करना आसान हो
- खेलों में पहुंचने पर, खिलाड़ियों को अपने आवास का विवरण प्रदान करने हेतु अपने पते को अपडेट करना होगा
- खिलाड़ियों को हमेशा शेफ डी मिशन/प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख या टीम लीडर को ओलंपिक स्थलों या ओलंपिक गांव में आने और जाने की तारीखों के बारे में बताना चाहिए।
- याद रखें, खिलाड़ियों को अपने पते की जानकारी देनी होगी, भले ही उन्होंने प्रतिस्पर्धा पूरी कर ली हो या ओलंपिक गांव छोड़ने का फैसला किया हो।



# 03 खेलों में डोप नियंत्रण

खिलाड़ियों की रक्षा, आपकी कड़ी मेहनत और खेलों के संरक्षण के लिए परीक्षण किया जाता है।

**इन खेलों में खिलाड़ियों का परीक्षण कौन कर सकता है**

- इन खेलों के दौरान प्रतिस्पर्धा के दौरान अवधि और प्रतिस्पर्धा के बाहर अवधि में आईटीए परीक्षण कर सकता है।
- आईटीए की मंजूरी के अधीन और उसके साथ समन्वय में, परीक्षण के लिए अधिकृत एडीओ स्पर्धा स्थलों के बाहर खिलाड़ियों की परीक्षण कर सकते हैं।
- असाधारण परिस्थितियों में वाडा के पास इस परीक्षण का अधिकार है।

**याद रखें!**

- परीक्षण **कभी भी** और **किसी भी जगह** की जा सकती है।

### 3.1 डोप नियंत्रण

जब खिलाड़ियों को डोप नियंत्रण (परीक्षण) के लिए चुना जाता है तो उन्हें इस प्रक्रिया से गुजरना होगा:



### 3.2 खिलाड़ियों के पास अधिकार हैं:

- उनका प्रतिनिधि मौजूद हो
- वे एक दुभाषिये की मांग कर सकते हैं
- नूमना सग्रहण प्रक्रिया के बारे में प्रष्न पूछ सकते हैं
- संशोधनों की मांग कर सकते हैं
- किसी जायज वजह से डोप नियंत्रण स्टेषन पर पहुंचने में देरी का आग्रह कर सकते हैं

### 3.3 खिलाड़ियों की जिम्मेदारी है कि:

- सूचित किए जाने के बिंदु से लेकर नूमना सग्रहण प्रक्रिया समाप्त होने तक वे डीसीओ/चौपरोन की सीधी निगरानी में रहें।
- वैध पहचान पत्र (प्रत्यायन पत्र) दिखाएं।
- नूमना सग्रहण प्रक्रिया का सम्मान करें (ऐसा कर पाने में नाकाम रहना डोप रोधी नियम उल्लंघन (एडीआरवी) माना जा सकता है)
- देरी का कोई जायज कारण न हो तो नूमना सग्रहण के लिए तुरंत पहुंचें।



### 3.4 मूत्र नमूना संग्रह के लिए

- खिलाड़ी नूमना सग्रहण का एक पात्र चुनेंगे। यह सुनिश्चित करेंगे कि वो पूरी तरह सीलबंद और अक्षुण्ण हो।
- डीसीओ जो खिलाड़ी के जेंडर वाला ही होगा वह सैंपल दिए जाने का साक्षी बनेगा।
- खिलाड़ी नूमना सग्रहण किट चुनेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि वह पूरी तरह सीलबंद, अक्षुण्ण हो और दोनों बोतलों पर नंबर (कोड) समान हों।
- खिलाड़ी अपने मूत्र नमूने को ''ए'' और ''बी'' बोतलों में बांटेंगे और उन्हें सीलबंद करेंगे।
- खिलाड़ी डोप नियंत्रण प्रपत्र (डीसीएफ) पर जानकारियों की समीक्षा करेंगे और कुछ ब्यौरे जोड़ेंगे। जैसे कि उनके कोच का नाम, दवाएं और सप्लीमेंट जो उन्होंने बीते सात दिनों में लिए हैं। इस फॉर्म की एक प्रति उनके ई—मेल पर भेजी जाएगी।

### 3.5 रक्त नमूना सग्रहण के लिए

कभी—कभी रक्त का नमूना भी लिया जाता है। इसकी प्रक्रिया इस प्रकार होती है:

- एक ऐसे रक्त नियंत्रण अधिकारी (बीसीओ) द्वारा रक्त का नमूना लिया जाएगा जो इस कार्य में प्रशिक्षित है और जिसके पास पर्याप्त योग्यता है।
- खिलाड़ी रक्त का नमूना संग्रहित करने वाली किट चुनेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि ये सीलबंद हो, अक्षुण्ण हो और इसकी षीषियों पर अंक समान हों।
- रक्त का नमूना लिए जाने से पहले 10 मिनट तक खिलाड़ियों को बैठना होगा।
- जब एथलीट जैविक पासपोर्ट (एबीपी) रक्त परीक्षण लिया जाए, तो उससे दो घंटे पहले खिलाड़ी ने किसी स्पर्धा में हिस्सा न लिया हो, कोई ट्रेनिंग न की हो। इसलिए अगर कोई खिलाड़ी हाल ही में सक्रिय रहा है तो एक लंबी अवधि तक उसे किसी चौपरोन की जरूरत हो सकती है।

### 3.6 सूखे रक्त धब्बे (डीबीएस) नमूना संग्रह

ओलंपिक खेलों के दौरान डीबीएस नमूने भी लिए जा सकते हैं।

डीबीएस एक ऐसा तरीका है जिसमें खिलाड़ी की अंगुली की नोक से खून की कुछ बूंदें ली जाती हैं। इन बूंदों को विषेश फिल्टर पेपर कार्ड्स पर रखा जाता है और वाडा द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगषालाओं में विष्लेशण किया जाता है।

डीसीओ या बीसीओ जो केषिका रक्त का नमूना लेने में प्रषिक्षित है और जिसके पास पर्याप्त योग्यता है, वह नमूना लेगा।

**याद रखें!**

यदि डोप नियंत्रण प्रक्रिया को लेकर आपकी कोई संषय हैं तो उन्हें डीसीएफ पर या एक सप्लीमेंट्री रिपोर्ट फॉर्म पर लिखकर दर्ज करवा सकते हैं।

### 3.7 परीक्षण के बाद क्या होगा?

- इन नमूनों को वाडा द्वारा मान्यता प्राप्त लैब में गोपनीय रूप से भेजा जाएगा। यानी उन्हें खिलाड़ी का नाम या राष्ट्रीयता नहीं बताई जाएगी, सिर्फ उनके पास नमूना क्रमांक होगा।
- सैंपल 'ए' को खोला जाएगा और विष्लेशण किया जाएगा।
- अगर सैंपल 'ए' नेटेगिव पाया जाता है तो यह प्रक्रिया यहीं समाप्त हो जाएगी।
- इन नमूनों को 10 वर्षों की अवधि तक सहेजकर रखा जा सकता है और बाद में भी इनका विश्लेषण किया जा सकता है।
- सैंपल 'बी' को सुरक्षा के साथ स्टोर करके रखा जाता है।

#### अगर सैंपल 'ए' पॉजिटिव पाया जाता है तो

- आईटीए संबंधित खिलाड़ी को सूचित करेगा और यदि खिलाड़ी द्वारा अनुरोध किया जाता है तो वह उसे सैंपल 'ए' को खोले जाने की तिथि, समय और स्थल बताएगा।
- खिलाड़ी यह चयन कर सकता है कि सैंपल 'बी' का विश्लेषण न किया जाए।
- खिलाड़ी और/या उसके प्रतिनिधि के पास सैंपल 'बी' को खोले जाने के समय वहां उपस्थित रहने का अवसर होगा।
- संबंधित खिलाड़ी सैंपल 'बी' को खोलने जाने के वक्त उपस्थित रहने के अपने अधिकार को त्याग सकता है।

#### अगर सैंपल 'बी' पॉजिटिव पाया जाता है तो

- अगर सैंपल 'बी' भी सैंपल 'ए' के नतीजों को पुश्ट करता है, या यदि संबंधित खिलाड़ी सैंपल 'बी' का विश्लेशण न करवाए जाने का फैसला करता है, तो सैंपल 'ए' के नतीजे को कथित डोप रोधी नियम उल्लंघन (एडीआरवी) माना जाएगा।

### 3.8 परिणाम

जो कोई भी डोप रोधी नियम उल्लंघन (एडीआरवी) करता है, उसे ज्ञात है कि उसे खेल से आजीवन प्रतिबंधित किया जा सकता है। लेकिन कुछ अन्य परिणाम भी हो सकते हैं।

- उसकी प्रतिस्पर्धा के नतीजों को अयोग्य घोशित किया जा सकता है।
- इन खेलों से उसकी मान्यता रद्द की जा सकती है, बहिष्कृत किया जा सकता है।
- सारे मेडल, अंक, पुरस्कार वापस लिए जा सकते हैं।
- टीम स्पोर्ट में संबंधित टीम की टारगेट टेस्टिंग हो सकती है और संभावित जांच की जा सकती हैं।
- कुछ मामलों में अंक रद्द किए जा सकते हैं, स्पर्धा से या फिर संबंधित टीम को पूरे खेलों से अयोग्य घोशित किया जा सकता है।
- खिलाड़ी सहायकों की जांच की जा सकती है और अगर संबंधित खिलाड़ी नाबालिग है तो फिर ये जांच अनिवार्य हो जाती है।

**याद रखें!**

यदि किसी टीम स्पोर्ट/स्पर्धा में कोई खिलाड़ी पॉजिटिव पाया जाता है तो उसके नतीजों का असर पूरी टीम पर पड़ सकता है। जैसे, वे अपने मेडल खो सकते हैं, और उन्हें अयोग्य तक करार दिया जा सकता है। टीम स्पोर्ट में बास्केटबॉल, रग्बी आदि षामिल हैं। टीम स्पर्धाओं में 4x400 मीटर दौड़, टीम मुकाबले आदि षामिल हैं।

एडीआरवी किसी एकल खिलाड़ी या उसके सहायकों से भी आगे जाता है।

- इसका असर उन लोगों पर भी पड़ सकता है जो संबंधित खिलाड़ियों को सपोर्ट करते आ रहे हैं। जैसे, उनके परिवार, दोस्त, टीम के साथी, स्पॉन्सर आदि।
- खिलाड़ी की प्रतिष्ठा के साथ–साथ उसके देश और उस खेल की प्रतिष्ठा पर भी बुरा असर पड़ता है।
- इससे संबंधित खिलाड़ी की शारीरिक और मानसिक सेहत पर जोखिम हो सकता है।

### 3.9 आगे आकर जानकारी दें (स्पीकिंग–अप)

साफ–सुथरे खेल की रक्षा करना सबका दायित्व है। साफ–सुथरे खेल में हिस्सा लेने के लिए जरूरी है कि इसमें षामिल लोग जब भी कहीं डोप का संदेह करें तो आगे आकर उसके बारे में सूचना दें। अगर खिलाड़ी या कोच संदेह करते हैं, प्रत्यदर्षी बनते हैं या उन्हें किसी ऐसी गतिविधि की जानकारी है जो साफ–सुथरे खेल के उलट जाती है तो इसकी सूचना देना उनकी जिम्मेदारी है। साफ–सुथरे खेल की रक्षा करने के लिए जानकारी साझा करने या उसकी सूचना देने के अलग–अलग तरीके हैं।

**REVEAL & ITA का सूचित करने का मंच**

अंतर्राश्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) का मंच 'त्मअमंस' आपको सक्षम बनाता है कि ओलंपिक खेलों के दौरान या किसी और समय में आपने जो भी देखा, सुना या अनुभव किया है उसे एकदम गोपनीय और सुरक्षित तरीके से रिपोर्ट करें।
सारी सूचनाओं को गोपनीय और समझदार ढंग से महत्वपूर्ण माना जाता है।

**स्पीक अप– वाडा का सूचित करने का मंच**

वाडा का यह मंच सुनिष्चित करता है कि किसी व्यक्ति या संगठन के बारे में किसी भी जानकारी को बेहद गोपनीय ढंग से सूचित किया जा सके। आप किसी भी संदिग्ध डोप की सूचना दे सकते हैंदृ ऐसा कोई भी डोप रोधी नियम उल्लंघन (एडीआरवी) या कोई कृत्य या गलती जो साफ–सुथरे खेल के विपरीत जाती है। कई राश्ट्रीय डोप रोधी संगठन (नाडो) और अंतर्राश्ट्रीय महासंघ (आईएफ) सूचना साझा करने के रास्ते प्रदान करते हैं। उनसे संपर्क करें या उनकी वेबसाइट पर जाएं और उनके यहां साफ–सुथरे खेल से जुड़ी संषयों या डोप की सूचना देने से जुड़े साधनों का प्रयोग करें।



# 04 और आखिर में...

आप यहां तक बेहद मुश्किल से पहुंचे हैं, इसलिए यहां अब कोई भी जोखिम लेना सही नहीं हैं और बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

- एक जैसी ब्रांड में भी अलग–अलग देषों की मेडिसिन में अलग अलग इंग्रीडिएंट्स हो सकते हैं।
  - यहां तक कि सर्दी–जुकाम या सरदर्द के उपचार के लिए मिलने वाली दवा में भी कोई प्रतिबंधित पदार्थ हो सकता है।
  - कभी भी कोई दवा लेने से पहले यह जांच लें कि उसमें क्या–क्या इंग्रीडिएंट्स हैं और फिर डॉक्टर से पूछें या किसी पॉलीक्लीनिक से संपर्क करें।
- हम यह भी समझते हैं कि हर खिलाड़ी अपनी सफलता का उत्सव मनाना चाहता है!
  - मगर अपनी सफलता का उत्सव मनाते वक्त यह ध्यान रखें कि आपकी सेहत, मेडल्स, ईनाम या प्रतिष्ठा को कोई नुकसान न पहुंचे।
  - यह भी हमेशा ध्यान रखें कि खिलाड़ी को किसी भी समय डोप परीक्षण का सामना करना पड़ सकता है। यहां तक कि यदि इवेंट समाप्त भी हो गया हो, तो भी डोप परीक्षण हो सकता है।

## 4.1 अधिक जानकारी के लिए

- **पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 की आधिकारिक वेबसाइट PARIS 2024 पर जाएं**
- **आईओसी का एथलीट्स के लिए समर्पित प्लेटफॉर्म ATHLETE365**
- **अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए ADEL**– अगर आप टीयूई, पता ठिकाना, परीक्षण, प्रतिबंधित सूची आदि के बारे में और जानकारी चाहते हैं तो **ADEL** पर जाएं।
- **पेरिस ओलंपिक 2024 पर ADEL का कोर्स**– अगर आप **ADEL** के बारे में ज्यादा जानकारी चाहते हैं।
- **डोप के खिलाफ बनाए गए नियमों के लिए डोप रोधी नियम– आईओसी पर जाएं**

## 4.2 संपर्क में रहें: नाडा के सोशल मीडिया प्लेफॉर्म से जुड़ें

डोप के खिलाफ पहलों, खिलाड़ियों के लिए जानकारियों और खेल अखंडता से जुड़े हर पहलू पर ताजा जानकारियों के लिए नाडा को सोशल मीडिया पर फॉलो करें। यहां आपको विशिष्ट सामग्री के साथ चर्चाओं में शामिल होने और खेलों को साफ–सुथरा और न्यायसंगत बनाने के लिए हमारे प्रयासों को पर्दे के पीछे देखने का मौका मिलता है। डोप–मुक्त भविष्य बनाने के इस सामूहिक प्रयास का हिस्सा बनें और आज ही हमारे सोशल मीडिया हैंडल्स से जुड़ें।

नाडा की पारदर्शिता और जागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता ऑनलाइन कम्युनिटी को भी साथ जोड़ने की है इसलिए इस डिजिटल युग में निष्पक्ष खेल भावना को स्थापित करने के हमारे मिशन से जुड़ें।



खिलाड़ियों को जागरूक करने से लेकर डोप के खिलाफ अभियानों को प्रमोट करने तक, हम एक अखंडता और निस्पक्षता की एक समुदाय का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे ये प्रयास  हमारे इन विभिन्न सोषल मीडिया हैंड्ल्स पर देखे जा सकते हैं–

- **एडीआरवी अलर्ट:**

यह नाडा द्वारा तय डोप रोधी नियमों की अवहेलना करने के परिणामों के प्रति जागरूकता को बढ़ाने और इसके महत्व पर जोर देने के लिए एक सोषल मीडिया कैंपेन है।

- **पता ठिकाना अभियान:**

पता ठिकाना अभियान का लक्ष्य खिलाड़ियों को उनके पता ठिकाना के बारे में सही, समय पर और जरूरी जानकारियां प्रदान करने के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए चलाया जाता है। इसके तहत खिलाड़ियों को समय सीमा, अनुस्मारक और पता ठिकाना से जुड़ी सभी जानकारियों के अनुपालन के प्रति सभी जानकारियां प्रदान की जाती हैं।

- **टीयूई अभियान:**

टीयूई का मतलब चिकित्सीय उपयोग छूट  है। इस सोशल मीडिया अभियान का मकसद खिलाड़ियों को टीयूई प्राप्त करने की प्रक्रिया, शर्तों और जरूरी चिकित्सा के लिए चिकित्सा अनुमोदन की जरूरत के बारे में अवगत करना है।

- **नाडा के 11 स्तंभ:**

इसके तहत नाडा के कई मौलिक सिद्धांत और इसके कार्य षामिल हैं। इस अभियान के जरिए इन्हीं सिद्ध ांतों के बारे में एक–एक करके जानकारी, इसके महत्व और नाडा की इन सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता को साझा किया जाता है।

## सोशल मीडिया लिंक्स

Instagram: https://www.instagram.com/nadaindiaoffice?igsh=OHVrZWp5YjlsamE1

LinkedIn: https://www.linkedin.com/company/national-anti-doping-agency-india/

Twitter (X): https://x.com/NADAIndiaOffice?t=U0562KQpI2eFpXbUBEE-wg&s=09

Facebook: https://www.facebook.com/NADAIndiaOfficial?mibextid=ZbWKwL

### 4.3 नाडा की आधिकारिक वेबसाइट– साफ–सुथरे खेलों का डिजिटल प्रवेशद्वार

नाडा की आधिकारिक वेबसाइट स्वच्छ खेल भावना के बारे में अदभुत और जरूरी जानकारियों का एक शानदार संग्रह है। यह वेबसाइट से आगे बढ़कर खिलाड़ियों को सषक्त बनाता एक केंद्र है जहां सहायक कर्मी के साथ–साथ स्पोट्र्स को फॉलो करने वाले लोगों को भी स्वच्छ खेल भावना के सिद्धांतों के प्रति संजीदा बनाता है। यहां खिलाड़ी डोप परीक्षण, परिणाम प्रबंधन, षिक्षा, चिकित्सीय उपयोग छूट (टीयूई), मीडिया और अन्य संसाधनों पर विभिन्न पहलू मौजूद हैं।

जानकारियों तक पहुंचने के लिए क्लिक करें https://nadaindia.yas.gov.in और साफ–सुथरे और नैतिक खेल की परंपरा को मजबूत करने में योगदान दें।





## 4.4 एएसपी और खिलाड़ी हेतु जांच सूची

| हां | नहीं | |
|---|---|---|
| ◯ | ◯ | मैं अपनी टीम वैल्यू और इसका क्या मतलब है, से अवगत हूं |
| ◯ | ◯ | मुझे मालूम है कि प्रतिबंधित सूचि कहां से प्राप्त होगी |
| ◯ | ◯ | मुझे जानकारी है कि अपने साथी खिलाड़ी को मेडिकेशन चैक करने में कैसे मदद करनी है। |
| ◯ | ◯ | मैं सप्लीमेंट के इस्तेमाल के समय सही निर्णय लेने की आदत को प्रमोट करता हूं। |
| ◯ | ◯ | मुझे पता है कि क्या करना है अगर कोई साथी खिलाड़ी 18 जुलाई के बाद से और गेम पीरियड के अंत तक टीयूई से जुड़ी कोई मदद लेना चाहता हो। |
| ◯ | ◯ | मुझे 11 एडीआरवी और इनमें से सात को कैसे अप्लाई करना है, की जानकारी है। |
| ◯ | ◯ | मैं सख्त दायित्व के सिद्धांत को समझता हूं। |
| ◯ | ◯ | मैं एडीआरवी के स्वयं के लिए, साथी खिलाड़ियों और मेरी टीम के लिए क्या संभावित परिणाम हो सकते हैं, के बारे में जागरूक हूं। |
| ◯ | ◯ | मैं ASP पर मेरे रोल और जिम्मेदारी से अवगत हूं। |
| ◯ | ◯ | मैं रक्त और मूत्र परीक्षण के जरिए डोप नियंत्रण प्रक्रिया से अवगत हूं। |
| ◯ | ◯ | मैं खेलों की जरूरी तारीखों को जानने की आवश्यकता और प्रतिस्पर्धा के दौरान और प्रतिस्पर्धा के बाहर अवधि के अंतर से अवगत हूं। |
| ◯ | ◯ | मैं इससे भी अवगत हूं कि यदि गेम्स के दौरान कोई डोप से जुड़ी परिस्थिति सामने आती है तो मेरी क्या भूमिका रहेगी। |
| ◯ | ◯ | मुझे पता है कि डोप या अन्य किसी संदेहास्पद गतिविधि को कैसे रिपोर्ट करना है। |
| ◯ | ◯ | मुझे और मेरी टीम को जानकारी है कि ज्यादा जानकारी के लिए कहां जाना है। |




**खिलाड़ी के लिए स्वच्छ खेल जांच सूची**

**हां नहीं**

- ◯ ◯ मैं अपनी टीम वैल्यू और इसका क्या मतलब है, से अवगत हूं
- ◯ ◯ मुझे मालूम है कि प्रतिबंधित सूचि कहां से प्राप्त होगी
- ◯ ◯ मुझे जानकारी है कि अपने साथी खिलाड़ी को मेडिकेशन चैक करने में कैसे मदद करनी है।
- ◯ ◯ मैं सप्लीमेंट के इस्तेमाल के समय सही निर्णय लेने की आदत को प्रमोट करता हूं।
- ◯ ◯ मुझे पता है कि क्या करना है अगर कोई साथी खिलाड़ी 18 जुलाई के बाद से और गेम पीरियड के अंत तक टीयूई से जुड़ी कोई मदद लेना चाहता हो।
- ◯ ◯ मुझे 11 एडीआरवी और इनमें से सात को कैसे अप्लाई करना है, की जानकारी है।
- ◯ ◯ मैं सख्त दायित्व के सिद्धांत को समझता हूं।
- ◯ ◯ मैं एडीआरवी के स्वयं के लिए, साथी खिलाड़ियों और मेरी टीम के लिए क्या संभावित परिणाम हो सकते हैं, के बारे में जागरूक हूं।
- ◯ ◯ मैं ASP पर मेरे रोल और जिम्मेदारी से अवगत हूं।
- ◯ ◯ मैं रक्त और मूत्र परीक्षण के जरिए डोप नियंत्रण प्रक्रिया से अवगत हूं।
- ◯ ◯ मैं खेलों की जरूरी तारीखों को जानने की आवश्यकता और प्रतिस्पर्धा के दौरान और प्रतिस्पर्धा के बाहर अवधि के अंतर से अवगत हूं।
- ◯ ◯ मैं इससे भी अवगत हूं कि यदि गेम्स के दौरान कोई डोप से जुड़ी परिस्थिति सामने आती है तो मेरी क्या भूमिका रहेगी।
- ◯ ◯ मुझे पता है कि डोप या अन्य किसी संदेहास्पद गतिविधि को कैसे रिपोर्ट करना है।
- ◯ ◯ मुझे और मेरी टीम को जानकारी है कि ज्यादा जानकारी के लिए कहां जाना है।





**4.5 आभार**

हम पेरिसं ओलंपिक गेम्स 2024 से जुड़ी 'पेरिस पिनेकल : नैतिक खेल गतिविधियों के लिए नाडा की मार्गदर्शिका' को तैयार करने में ADEL World Anti-Doping Agency (ADEL WADA) और अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) का उनके अमूल्य योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद करते हैं। उनके गहन ज्ञान और प्रचुर संसाधनों ने इन गाइड की सामग्री को उल्लेखनीय रूप से समृद्ध किया है। हम वास्तव में उनके समर्थन और सहयोग के लिए आभारी हैं, जिन्होंने इस गाइड में प्रस्तुत जानकारी की सटीकता और विश्वसनीयता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## 4.6 संपर्क करें

राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी भारत
रैंप नं 02, हॉल न.- 103- 104
प्रथम तल, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर
लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003
फोन न.- +91- 11- 24368274
ई मेल - info-nada@nic-in, edu&nadaindia@gov-in

**QR Code for Prohibited List 2024**

https://www.wada-ama.org/en/resources/world-anti-doping-code-and-international-standards/prohibited-list

**QR Code for Link Tree**

https://linktr.ee/NadaIndialinks

**QR Code for KYM App**

https://kym.nadaindia.yas.gov.in




#PLAY
FAIR

राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी भारत

#SAYNO TODOPING
TODAY & EVERYDAY

ध्यान दें: किसी भी असंगति की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण को सही माना जाएगा। यह केवल एक साधारण अनुवाद है।

Note: In case of any discrepancy English version will be considered correct. It's merely a simple translation



#डोपिंग को कहें ना